दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र
प्रैस–नोट

आज दिनांक 03.03.17 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में **कैरियर गाईडैंस व प्लैसमैन्ट सैल की तरफ से इन्टरप्रिनरशिप एंड कस्टमर एक्विसिशन सर्विसज़ विषय पर उड़ान 2017 प्रोजेक्ट पर फ्रेंकफिन संस्थान ऑफ एयर होस्टस ट्रेनिंग** की सैन्टर हैड मैडम मीनाक्षी वर्मा व मैडम कृतिका वालिया के विस्तार भाषण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में संयोजिका श्रीमती मीनाक्षी ठकराल ने महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह जी व मुख्य वक्ता श्रीमती मीनाक्षी वर्मा का हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत किया। श्रीमती मीनाक्षी वर्मा ने अपने वक्तव्य में कस्टमर सर्विसज़ की आवश्यक योग्यताओं के बारे में समझाते हुए बताया कि ग्राहक को प्रभावित करने के लिए अच्छे कौशल संचार व्यक्तितत्व व आत्मविश्वास जैसे गुणों का होना जरुरी है। उन्होंने उड़ान 2017–सात दिनों के प्रोजेक्ट के लिए 600 छात्राओं को ट्रेनिंग दी जिसमें 70 छात्राओं का चयन किया गया। चयनित छात्राओं को प्रोजेक्ट पूरा करने पर सर्टिफिकेट व 300 रूपये प्रतिदिन स्टाईपंड के रूप में मिलेंगे। मुख्य वक्ता श्रीमती मीनाक्षी वर्मा ने छात्राओं की कैरियर सम्बन्धी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या डॉ. विजयलक्ष्मी सिंह जी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें अपने सम्पूर्ण व्यक्तितत्व को निखारने के लिए प्रोत्साहित करते हुए बताया कि आत्मविश्वास के बल पर वे कुछ भी कर सकते हैं। कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती मीनाक्षी ठकराल ने मुख्य वक्ता श्रीमती मीनाक्षी वर्मा व उनकी सहयोगी मैडम कृतिका वालिया का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में श्रीमती मोनिका, श्रीमती नेहा, श्रीमती शीना व श्रीमती रीना, कुमारी प्रिया व कुमारी सोनम उपस्थित रहे।

CAREER GUI
&
LACEMENT
ANAND MAHILA MAH
KURUKSHETR

CAREER GUID
महिला महावि

दयानन्द महिला महाविद्यालय
ओ३म्